श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 140, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net


प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार, 26 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी, बोले- सरकार हर कदम पर किसानों के साथ, नकारे गए दल गुमराह कर रहे

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाले वित्तीय लाभ की अगली किस्त जारी कर दी है। इसके उन्होंने कहा कि नए कृषि कानूनों को लेकर विपक्ष किसानों को गुमराह कर रहा है।**




**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे किसान आंदोलन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को विपक्षी दलों पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि जनता से नकारे हुए लोग किसानों को गुमराह कर रहे हैं। कुछ नेता राजनीतिक एजेंडा चला रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि उनके प्रधानमंत्री रहते किसानों का अहित नहीं हो सकता है। कृषि सुधार कानूनों के फायदे बताने के साथ उन्होंने आंदोलन कर रहे किसानों से कहा कि उनके हितों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। हम खुले दिमाग से उनके साथ चर्चा के लिए तैयार हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के नौ करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि ऑनलाइन जमा कराई।

बंगाल के किसानों के इस योजना के लाभ से वंचित होने पर अफसोस जताते हुए मोदी ने कहा कि ममता बनर्जी की विचारधारा ने राज्य को चौपट कर दिया है। राज्य के 70 लाख किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। विपक्षी दल इस पर चुप क्यों हैं? किसान आंदोलन को हवा देने वाले वामपंथी दलों का नाम लिए बगैर कहा कि जो दल बंगाल में किसानों के अहित पर कुछ नहीं बोलते वे दिल्ली आकर किसानों की बात करते हैं। किसानों के खिलाफ बंगाल सरकार के रवैये ने मुझे बहुत आहत किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वामदलों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इन दलों को आजकल एपीएमसी (मंडी) की बहुत याद आ रही है। लेकिन ये दल भूल जाते हैं कि केरल में एपीएमसी है ही नहीं। वहां ये लोग आंदोलन क्यों नहीं करते हैं?

**कृषि कानूनों के जरिये किसानों को बेहतर विकल्प दिए गए**

- कृषि सुधार के नए कानूनों का बचाव करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इन सुधारों के जरिये किसानों को बेहतर विकल्प दिए गए हैं।
- नए कानूनों को पूरे देश के किसानों का समर्थन प्राप्त है। इन कानूनों के आने के बाद किसान जहां चाहे अपनी उपज को बेच सकता है।
- अब समय आ गया है कि ब्रांड इंडिया दुनिया के कृषि बाजारों में भी खुद को उतनी ही प्रतिष्ठा के साथ स्थापित करे।
- देश के 80 फीसद से अधिक छोटे किसानों के लिए कृषि क्षेत्र में सुधार जरूरी था, जिनके बारे में पिछली सरकारों ने कभी सोचा ही नहीं।

मोदी ने छह राज्यों के किसानों से अलग-अलग बातचीत भी की। इसी दौरान अरुणाचल प्रदेश के एक किसान से चर्चा में प्रधानमंत्री ने पूछा कि क्या कांट्रैक्ट करने वाली कंपनी आपकी उपज खरीदने के साथ जमीन भी ले लेती है? किसान ने कहा कि कंपनी के साथ उपज खरीदने का करार होता है, जमीन का नहीं। हमारी जमीन सुरक्षित है। मोदी ने विपक्ष पर तंज करते हुए कहा कि यहां कुछ लोग ऐसा भ्रम फैला रहे हैं कि आपकी फसल का कोई कांट्रैक्ट करेगा तो जमीन भी चली जाएगी।

मोदी ने कहा कि कानूनों के किसी प्रावधान में कोई कमी है, तो सरकार उस पर चर्चा के लिए तैयार है। लेकिन, ये जनता से नकारे हुए नेता किसी न किसी राजनीतिक कारण से चर्चा नहीं होने दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों को आईना दिखाने के अंदाज में कहा कि असम, राजस्थान व जम्मू-कश्मीर के पंचायत चुनावों में जनता ने इन दलों को नकार दिया है। इन राज्यों की ग्रामीण जनता ने सरकार के फैसलों पर मुहर लगा दी है। मोदी ने कहा कि इन सुधारों से हम किसानों का जीवन आसान बना रहे हैं। एक हजार से अधिक मंडियों को ऑनलाइन जोड़ा है, जहां एक लाख करोड़ रुपये का कारोबार हो चुका है। प्रधानमंत्री ने किसानों की जमीन की च्चता करने वालों पर हमला करते हुए कहा कि हम उन सभी लोगों को जानते हैं, जिनका नाम मीडिया में भूमि कब्जाने के लिए आया था।

- आंदोलन के शुरू में किसानों की कुछ उचित मांगे थीं। लेकिन, बाद में किसान नेता हिंसा के आरोपितों की रिहाई और राजमार्गो को टोल-फ्री करने की मांग करने लगे।
- कृषि सुधार इसलिए जरूरी था क्योंकि पिछली सरकारों के दौरान गरीब किसान, जो 80 फीसद से अधिक हैं, और ज्यादा गरीब हो रहे थे।
- जिन राजनेताओं का लोकतंत्र में भरोसा नहीं है, उन्होंने ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया है, जिसे बताया नहीं जा सकता। लेकिन, मैंने इसे बर्दाश्त किया है।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा- कानून व्यवस्था पर टिप्पणी करना अपराध नहीं, ट्वीट करने पर दर्ज FIR रद



**प्रयागराज, जेएनएन।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर असंतोष व्यक्त करना अपराध नहीं माना जा सकता। प्रदेश की कानून व्यवस्था पर जंगल राज की टिप्पणी से कोई आपराधिक केस नहीं बनता है। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अंग है। न्यायमूर्ति पंकज नकवी और न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की एक पहचान है। हाई कोर्ट ने कानपुर देहात जिले के भोगनीपुर थाने में इंटरनेट मीडिया में जंगल राज कहने की टिप्पणी पर दर्ज एफआइआर रद कर दी है। कोर्ट ने यह आदेश यशवंत सिंह की ओर से दायर याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि याची के विरुद्ध लगाई गई धाराओं से अपराध का कोई मामला नहीं बनता है, इसलिए उसके विरुद्ध एफआइआर रद की जाती है। याची ने ट्वीट किया था कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी को जंगलराज में बदल दिया है, जहां कानून व्यवस्था नहीं है। कोर्ट में याची की ओर से कहा गया कि राज्य के मामलों में टिप्पणी करना किसी भी व्यक्ति के सांविधानिक अधिकारों का हिस्सा है और महज मतभेद व्यक्त करना अपराध नहीं हो सकता। हाई कोर्ट ने कहा कि याची के विरुद्ध लगाई गई धाराओं से अपराध का कोई मामला नहीं बनता है इसलिए उसके विरुद्ध एफआइआर रद की जाती है। बता दें कि याची ने ट्वीट किया था कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी को 'जंगलराज' में बदल दिया है, जहां कानून व्यवस्था का कोई प्रचलन नहीं है। इस पर भोगनीपुर पुलिस स्टेशन में यह एफआइआर दो अगस्त, 2020 को दर्ज की गई थी।

पुलिस ने यशवंत पर सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम के तहत धारा 500 (मानहानि) और 66-डी (कंप्यूटर संसाधन का उपयोग करके व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी करने का अपराध) के तहत केस दर्ज किया था। हाई कोर्ट में याची के वकील ने एफआइआर को चुनौती दी, जिसमें कहा गया था कि राज्य के मामलों पर टिप्पणी करने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत परिकल्पित सांविधानिक अधिकार के अंतर्गत आता है।

## अंतिम चरण में पहुंची कोरोना वैक्सीन की तैयारी चार राज्यों में 28-29 को पूर्वाभ्यास करेगी सरकार




**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत में भले ही अभी तक किसी कोरोना वैक्सीन के इमरजेंसी इस्तेमाल की इजाजत नहीं मिली हो, लेकिन इसके वितरण की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय वैक्सीन वितरण व्यवस्था को परखने के लिए सोमवार और मंगलवार को चार राज्यों में इसका पूर्वाभ्यास कराने जा रहा है। इस दौरान वैक्सीन के कोल्डचेन से लेकर लोगों के लगाने तक की सारी प्रक्रिया की जांच की जाएगी, ताकि असली वैक्सीन के वितरण के दौरान खामियों को दूर किया जा सके।

स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकार ने कहा कि वितरण व्यवस्था के रिहर्सल के दौरान कोल्डचेन में टीके की आपूर्ति, जांच रसीद, वैक्सीन के उत्पादन से लिए लगाने तक पूरी प्रक्रिया की ऑनलाइन निगरानी के तैयार ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को-विन में आवश्यक डाटा भरने की जांच की जाएगी। इसके साथ ही वैक्सीन लगाने वाले दल के सदस्यों की तैनाती, उनकी रिपोर्टिंग और बाद में शाम को होने वाली समीक्षा बैठकें भी देखी जाएंगी। साथ ही टीकाकरण केंद्र पर भीड़ प्रबंधन और कोरोना संबंधी दिशानिदेर्शों का अनुपालना सुनिश्चित कराने की प्रक्रिया को भी परखा जाएगा।

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस अभियान के दौरान पंजाब, असम, आंध्र प्रदेश और गुजरात के दो-दो जिलों में पांच अलग-अलग केंद्रों में पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इन केंद्रों में जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी केंद्र, निजी अस्पताल, ग्रामीण इलाके के केंद्र हो सकते हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार वैक्सीन लगाने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों के प्रशिक्षण का काम तेजी से चल रहा है और अभी तक जिला स्तर पर सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में प्रशिक्षण का काम पूरा किया जा चुका है। सरकार ने वैक्सीन लगाने के लिए प्राथमिकता समूहों की पहचान कर ली है। पहले चरण में 30 करोड़ लोगों को टीका लगाया जाएगा। इनमें तीन करोड़ स्वास्थ्यकमियों, सुरक्षाकमियों और सफाईकर्मियों के साथ ही साथ 50 साल से अधिक आयु के लगभग 27 करोड़ लोग शामिल हैं।

## मुंबई पुलिस ने बार्क के पूर्व सीईओ को टीआरपी रैकेट का मास्टरमाइंड बताया, लगाए गंभीर आरोप



**मुंबई, पीटीआइ।** मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि ब्रॉडकास्ट रिसर्च ऑडिएंस काउंसिल (बार्क) के पूर्व सीईओ पार्थ दासगुप्ता ने ही रिपब्लिक टीवी समेत कुछ टीवी चैनलों की टीआरपी में हेरफेर में मुख्य भूमिका निभाई। रिपब्लिक मीडिया नेटवर्क ने पुलिस के आरोपों हास्यास्पद बताया है और कहा है कि इस मामले की जांच का एकमात्र उद्देश्य रिपब्लिक टीवी को निशाना बनाना है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को दासगुप्ता को गोवा से लौटते समय पुणे जिले में गिरफ्तार किया था। शुक्रवार को अदालत ने दासगुप्ता को 28 दिसंबर तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। शुक्रवार को पुलिस की तरफ से जारी विज्ञप्ति में दासगुप्ता को इस रैकेट का 'मास्टरमाइंड' बताया गया। पुलिस ने कहा कि इस मामले में पहले गिरफ्तार किए गए बार्क के पूर्व सीओओ रोमिल रामगढ़िया ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह दासगुप्ता के कहने पर ही टीआरपी (टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट) में हेरफेर करने के रैकेट में शामिल हुआ था। पुलिस ने आरोप लगाया है कि जून, 2013 से नवंबर, 2019 तक बार्क के सीईओ रहे दासगुप्ता ने रिपब्लिक टीवी समेत कुछ टीवी चैनलों को फायदा पहुंचाने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया। टीआरपी रैकेट में अब तक 15 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

रामगढ़िया को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। रिपब्लिक मीडिया नेटवर्क पहले ही टीआरपी को लेकर किसी गलत काम से इनकार कर चुका है। रिपब्लिक मीडिया नेटवर्क का कहना है कि पूरे मामले में पुलिस के आरोप हास्यास्यपद हैं। रिपब्लिक का यह भी दावा है कि मुंबई पुलिस की जांच फर्जी थी। पार्थ दासगुप्ता मामले में गिरफ्तार किए गए 15वें व्यक्ति हैं। टीआरपी मामले के अधिकांश आरोपी अभी जमानत पर हैं। मालूम हो कि मुंबई पुलिस ने बार्क की उस शिकायत पर जांच शुरू की थी जिसमें कहा गया था कि कुछ चैनल टीआरपी में हेराफेरी कर रहे हैं।

## राष्ट्रपति कोविंद और पीएम मोदी ने दी क्रिसमस की बधाई, बोले- त्योहार समाज में सद्भाव को करेगा मजबूत



**नई दिल्ली, एएनआइ।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति कोविंद ने उम्मीद जताई है कि यह त्योहार समाज में सद्भाव को मजबूत करने में मदद करेगा। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने प्रभु ईसा मसीह का जीवन और सिद्धांत दुनिया भर में लाखों लोगों को ताकत देता है। इसके साथ ही, सभी के लिए खुश और स्वस्थ रहने की कामना की है।

राष्ट्रपति ने संदेश देते हुए कहा कि क्रिसमस पर राष्ट्र के नागरिकों को शुभकामनाएं और उन्होंने उम्मीद जताई कि यह त्योहार समाज में सद्भाव को मजबूत करने में मदद करेगा। इसके साथ ही राष्ट्रपति ने लोगों से प्रेम और करुणा के साथ ईसा मसीह की शिक्षाओं का पालन करने और समाज एवं राष्ट्र के कल्याण के लिए खुद को प्रतिबद्ध करने के लिए कहा है।

क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं आशा करता हूँ कि यह त्यौहार शांति और समृद्धि का प्रसार करते हुए समाज में सौहार्द बढ़ाएगा। आइए, हम ईसा मसीह की प्रेम, करुणा और परोपकार की शिक्षाओं का अनुसरण करें तथा समाज व राष्ट्र के हित के लिए संकल्पबद्ध रहें।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी ट्वीट में कहा, 'मैरी क्रिसमस! प्रभु ईसा मसीह का जीवन और सिद्धांत दुनिया भर में लाखों लोगों को ताकत देते हैं। उनकी राह न्यायपूर्ण और समावेशी समाज के निर्माण का रास्ता दिखाए। सभी लोग खुश और स्वस्थ रहें।'

वायु प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली-एनसीआर में क्रिसमस पर जश्न के दौरान आतिशबाजी पर रोक लगा दी गई है। इसके मद्देनजर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने बुधवार को आदेश जारी किया है। एजेंसियों को निगरानी करने और आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## पिछले 24 घंटे में 23 हजार से ज्यादा मामलों की पुष्टि, 336 मरीजों की मौत

**भारत में कोरोना वायरस के मामलों में तेजी से गिरावट जारी है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार देश में पिछले 24 घंटों के दौरान 23 हजार 068 मामले सामने आए हैं। इस दौरान 336 मरीजों की मौत हो गई।**



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में कोरोना वायरस के मामलों में तेजी से गिरावट जारी है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार देश में पिछले 24 घंटों के दौरान 23 हजार 068 मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही कुल मरीजों की संख्या एक करोड़ एक लाख 46 हजार 846 हो गई है। इस दौरान 336 मरीजों की मौत हो गई। इसके साथ ही कोरोना के कारण मरने वालों की संख्या एक लाख 47 हजार 092 हो गई है। इस दौरान 24 हजार 661 मरीज ठीक हुए।

पिछले 24 घंटे के दौरान नौ लाख 97 हजार 396 सैंपल टेस्ट हुए। कुल अब तक 16 करोड़ 63 लाख पांच हजार 762 सैंपल टेस्ट हो गए हैं। एक्टिव केस में तेजी से गिरावट देखने को मिल रही है और रिकवरी रेट तेजी से बढ़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में एक्टिव केस केवल दो लाख 28 हजार 919 रह गया है। पिछले चार दिनों से एक्टिव केस तीन लाख से कम है। यह कुल मामलों का 2.78 फीसद है। वहीं 97 लाख 17 हजार 834 मरीज ठीक हो गए हैं। यह कुल मामलों का 95.77 फीसद है। डेथ रेट 1.45 फीसद है।

देश में कोरोना मामलों की संख्या सात अगस्त को 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख, पांच सितंबर को 40 लाख, 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवंबर को 90 लाख और 19 दिसंबर को एक करोड़ से अधिक हो गई थी। 336 में महाराष्ट्र में 89, दिल्ली में 37, पश्चिम बंगाल में 32, और केरल, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में 22 लोगों की मौत हो गई।

देश में अब तक हुई कुल मौतों में से सबसे अधिक महाराष्ट्र में 49,058 हुई, इसके बाद कर्नाटक में 12,039, तमिलनाडु में 12,036, दिल्ली में 10,384, पश्चिम बंगाल में 9,505, उत्तर प्रदेश में 8267, आंध्र प्रदेश में 7,089 और पंजाब में 5,260 लोगों की मौत हो गई है।

## भारत और चीन अगले दौर की सैन्य वार्ता के लिए राजी, जल्द हो सकती है बातचीत

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** भारत और चीन एक बार फिर से सैन्य वार्ता के लिए तैयार हो गए हैं। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा से सैनिकों की जल्द और पूरी तरह वापसी के लिए भारत और चीन सैन्य स्तर की बातचीत करने पर राजी हो गए हैं। यह बातचीत जल्द हो सकती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि कूटनीतिक और सैन्य वार्ताओं से दोनों देशों को इस मुद्दे पर एक दूसरे का पक्ष समझने में मदद मिली है। पिछले सप्ताह भारत और चीन के बीच एक और दौर की कूटनीतिक बातचीत हुई थी। यह बातचीत भारत-चीन सीमा को लेकर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र के तहत हुई थी। वर्चुअल बैठक के दौरान दोनों पक्ष इस बात पर सहमत थे कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव के सभी स्थानों से जितनी जल्द संभव हो, सैनिकों की वापसी के लिए काम किया जाए। श्रीवास्तव ने कहा कि भारत और चीन के बीच कूटनीतिक और सैन्य चैनलों के जरिये बातचीत जारी है। इन वार्ताओं से हमें एक दूसरे की स्थिति को समझने में मदद मिली है। पिछले कुछ माह से चीनी जलक्षेत्र में फंसे दो मालवाहक जहाजों के मामले को लेकर भारत सरकार काफी गंभीर है। इसका जल्द समाधान निकालने के लिए हम चीनी प्रशासन के लगातार संपर्क में हैं। दोनों जहाजों पर चालक दल के 39 भारतीय नागरिक सवार हैं। ये बातें भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने गुरुवार को कहीं। उन्होंने कहा कि मालवाहक पोत एमवी जग आनंद 13 जून से चीन के हुबेई प्रांत में जिंगटांग बंदरगाह के पास खड़ा है।

## राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और ढट मोदी सहित तमाम दिग्गजों ने अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

**पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित तमाम दिग्गजों ने दिल्ली के सदैव अटल स्मारक पहुंच कर पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि दी।**




**नई दिल्ली, एएनआइ।** 25 दिसंबर को देश पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद कर रहा है। आज देशभर में उनकी जयंती मनाई जा रही है। पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की आज जयंती के अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित तमाम दिग्गजों ने दिल्ली के सदैव अटल स्मारक पहुंच कर पूर्व पीएम वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी। बता दें कि भारत भारतीय जनता पार्टी देश के अनेक हिस्सों में इस कार्यक्रम को मना रही है।

गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी दिल्ली के सदैव अटल स्मारक पहुंच कर पूर्व पीएम वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

बता दें कि इस खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर तमाम दिग्गजों ने उन्हें नमन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा,'पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी जन्म-जयंती पर शत-शत नमन। अपने दूरदर्शी नेतृत्व में उन्होंने देश को विकास की अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचाया। एक सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए उनके प्रयासों को सदैव स्मरण किया जाएगा'।

इसके साथ ही गृह मंत्री अमित शाह ने भी अटल बिहारी को याद करते हुए एक ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा,'विचारधारा-सिद्धांतों पर आधारित राजनीति एवं राष्ट्र समर्पित जीवन से भारत में विकास, गरीब कल्याण और सुशासन के युग की शुरूआत करने वाले भारत रत्न आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन। अटल जी की कर्तव्यनिष्ठा व राष्ट्रसेवा हमारे लिए सदैव प्रेरणा का केंद्र रहेगी'। बता दें कि अटल जयंती के अवसर पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब 6 राज्यों के 9 करोड़ किसानों से संवाद करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी किसान सम्मान निधि योजना की किस्त जारी करेंगे,इस दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों में केंद्रीय मंत्री किसानों के बीच रहेंगे। इसमें अमित शाह महरौली, राजनाथ सिंह द्वारका, निर्मला सीतारमण, रंजीत नगर में रहेंगे, जबकि अन्य मंत्री देश के अलग-अलग इलाकों रहेंगे।

# ग्रामीण अंचल



## एक क्लिक में नौ करोड़ किसानों तक पहुंचे 18 हजार करोड़ रुपये : रमेशचंद्र

**शंकरगढ़।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। यमुनापार के शंकरगढ़ ब्लाक परिसर में किसान संवाद और सम्मान, कृषि मेला, गोष्ठी और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। चीफ गेस्ट बांदा के पूर्व सांसद रमेशचंद्र द्विवेदी ने पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी, सरदार पटेल एवं पंडित मदन मोहन मालवीय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि दी और सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि

कार्यक्रम के चीफ गेस्ट रमेशचंद्र द्विवेदी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के नौ करोड़ किसानों को 18 हजार करोड़ रुपये क्षणभर में एक क्लिक करके प्रदान किया। इसके बाद पीएम ने वर्चुअल सभा को संबोधित भी किया। कहा कि पीएम ने किसानों के साथ ही कोरोना काल में महिलाओं को निशुल्क राशन और रसोई गैस भी उपलब्ध कराई। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ने कहा कि किसानों, मजदूरों का अगर किसी ने भला किया है तो वह पीएम नरेंद्र मोदी ही हैं। आयोजन की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख भारत सिंह ने किया।

इस मौके पर कृषि विभाग, कृषि रक्षा विभाग, पशुपालन विभाग आदि विभागों द्वारा स्टाल लगाकर साहित्य वितरण एवं कृषकों को जानकारी प्रदान की गई। कृषि विभाग से सौरभ तिवारी ने विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की। संचालन शिवराम सिंह परिहार ने किया। इस मौके पर एसडीएम बारा सुभाषचंद्र यादव, एडीओ (पंचायत) ओम प्रकाश पांडेय, बीडीओ देवेंद्र कुमार ओझा, तुलाराम यादव, मुकेश सिंह, मनोज द्विवेदी, अभिषेक मालवीय, अनुराग सिंह, चंद्रशेखर, जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, अंजनीलाल, मंडल उपाध्यक्ष सोमनाथ वर्मा, सतीश कुमार विश्वकर्मा, पूर्व प्रधान महेंद्र शुक्ल, दिलीप कुमार चतुर्वेदी, युवराज सिंह, ताराचंद्र, पूर्व महामंत्री कुलदीप पाठक, मनोज गुप्ता, मसुरिया दीन वर्मा, अखिलेश सिंह, राजेश गुप्ता, संजीव पांडेय, प्रदीप मिश्र, ताराचंद्र पांडेय, अनिल चतुर्वेदी, अर्जुन गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

इसी तरह नगर पंचायत कार्यालय शंकरगढ़ में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनाई गई। चेयरमैन लल्लू कनौजिया ने चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दी। इस मौके पर नामित सभासद सुधा गुप्ता, सभासद ज्योति केसरवानी, सुजीत केसरवानी, प्रकाशचंद्र गुप्ता, मनीष केसरवानी, अखिलेश द्विवेदी, सूरज केसरवानी, बल्लू केसरवानी आदि लोग मौजूद रहे।

## नहर की सफाई ना होने से करीब 50 बीघा फसल हुई जलमग्न

### सोरांव क्षेत्र के मलाक चौधरी गांव में आलू, गेहूं की फसले हुई जलमग्न

**ग्रामीणों ने कहा केवल रोड के किनारे किनारे होती है नहर की सफाई**

**फसलें डूबने से किसानों में भारी आक्रोश**



जलमग्न फसल व सफाई के अभाव में रजबहा का दृश्य

**सोरांव।** सोरांव क्षेत्र के मलाकचौधरी गांव में नहर की साफ सफाई न होने के वजह से किसानों की करीब 50 बीघे आलू व गेहूं की फसलें जलमग्न हो गई।

दरअसल प्रयागराज रजबहा से मलाक चौधरी माइनर के लिए नहर निकली हुई है जिसकी कभी भी साफ-सफाई नहीं की गई। बिना साफ सफाई किए नहर में अचानक शुक्रवार को पानी छोड़ा गया। जिसकी वजह से नहर के आसपास आलू और गेहूं की 50 बीघे में लगी फसलें डूब गई। फसल डूबने की वजह से किसानों को डर सताने लगा है कि अब यह फसलें नष्ट हो जाएंगी। इसको लेकर किसानों ने नाराजगी जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के किनारे किनारे केवल नहरों की साफ सफाई होती है जिससे अधिकारियों का आना जाना रहता है, मलाक चौधरी रजबहा की सफाई वर्षों से नहीं हो रही थी। ग्रामीणों का कहना है कि हम गरीब किसान कहां जाएंगे। किसानों ने बताया कि अगर दो-तीन दिन तक लगातार फसले डूबी रही तो सारी मेहनत बेकार हो जाएगी। किसानों की मांग है कि जो भी फसल नुकसान हो उसकी भरपाई नहर का ठेकेदार करें और उसके खिलाफ सरकार कार्रवाई करे। जिसने साफ सफाई की जिम्मेदारी ली है। पीड़ित किसानों में कर्ण प्रताप, चंद्रभान सिंह, संजय कुमार, राम सजीवन बिंद, प्रदीप कुमार बिंद, भूपेन्द्र कुमार बिन्द, ध्रुव प्रताप, रमाशंकर, विनय कुमार, शिव कुमार, गया प्रसाद, पप्पू, मदन सिंह, रामचन्द्र, अयोध्या प्रसाद, राकेश कमार लल्ला इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## दो बाईकों की भिड़ंत में चार घायल, अस्पताल में भर्ती



घायलों को अस्पताल ले जाती एंबुलेंस


**घूरपुर।** इलाके के बादलगंज गाव के हाईवे पर दो बाईकों की भिड़ंत हो गई जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाल के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

शुक्रवार की सायंकाल इरादतगंज गाव निवासी कृष्ण राज यादव (50) व शमशुल(60) एक ही बाइक पर सवार होकर शहर से वापस घर जा रहे थे कि जैसे ही बादलगंज गाव के सामने हाईवे की क्रासिंग से पार होने लगे की जसरा कस्बा के दो अज्ञात युवक बाइक से शहर की ओर जा रहे थे कि दोनों बाईकों में भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों बाईकों में सवार चारो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस चारो घायलों को इलाज के लिए जसरा सीएचसी में भर्ती कराया।

## भाभी की तहरीर पर देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**नैनी।** मिर्जापुर जनपद की रहने वाली एक शादीशुदा के पति बाहर नौकरी करते हैं। उसका पति से विवाद चल रहा है। जिसकी वजह से वह अपने पांच साल के बेटे के साथ नैनी में किराए का कमरा लेकर रहती है। उसका कहना है कि गत 13 नवंबर को उसका देवर उसके कमरे पर आया और यह कहकर अपने साथ कार से बुलाकर ले गया कि उसका सास-ससुर और पति से सारा विवाद खत्म करा देगा। उसका देवर उसे अरैल बांध रोड से डीपीएस स्कूल की तरफ ले गया। रास्ते में उसने कोल्ड ड्रिंक पिलाई। जिससे उसे नींद आने लगी। उसी दौरान देवर ने उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर उसे उसी हालत में लाकर उसके घर के सामने छोड़ दिया। पीड़िता ने पुलिस से गुहार लगाई लेकिन नहीं सुनवाई हुई। जिससे हताश होकर वह कोर्ट के शरण में गई। एसीजेएम इलाहाबाद के आदेश पर 156 (3) के तहत आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया।

## जिस दिन जनता ने मन बना लिया तानाशाही सरकार को धूलचटा देगी : उज्जवल रमण सिंह



चौपाल में किसानों को संबोधित करते करछना विधायक उज्जवल रमण सिंह

**करछना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के किसान अंदोलन के समर्थन गांव-गांव चौपाल लगा कर किसानों की हौसलाअफजाई करने का आवाहन किया उसी क्रम में करछना विधायक उज्जवल रमण सिंह ने डीहा, करछना और अमिलिया चाका मे किसानों के बीच चौपाल में कहा कि ये मायावी झूठ बोलने वालीं सरकार हैं ये हर वर्ग को लुटने परेशान करने का काम किया अब जब आर्थिक मंदी मे इंडस्ट्री 23%गिरावट दर्ज करती हैं वहीं कृषि क्षेत्र 3%की ग्रोथ दर्ज करतीं हैं उसके पीछे मोदी सरकार पड़ गई नई कृषि नीति के द्वारा खेती किसानी को उधोगपतियों के हाथों में सौपने कि मंशा हैं जिससें किसान के स्वभिमान से खेलने का काम हो रहा है जो अपने खेत के मालिक हैं उनको खेतिहर मजदूर बनाने की साजिश हैं।

ईवीएम के भरोसे जनता के मताधिकार पर कब्जा कर लिया जाता हैं हाल में बिहार चुनाव इसका उदाहरण हैं तेजस्वी यादव की रैली में जनता जुटती है लेकिन परिणाम विपरीत आता हैं इसलिए इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता तैयार हो ।

सपा जिला उपाध्यक्ष विनय कुशवाहा ने कहा कि किसान विरोधी मोदी-योगी की कथनी और करनी मे अंतर हैं उत्तर प्रदेश का किसान आक्रोशित हैं क्योंकि अच्छे दिन के नाम पर ठगा सा महसूस हो रहा।उन्होंने कहा कि नये किसान बिल द्वारा मकान मालिक से किरदार बनाने की साजिश हैं।

चौपाल को सम्बोधित करने वाले मे अध्यक्ष सनिल अहमद,डॉक्टर विजय बाबू यादव, तुलसी राम यादव, राजेश्वर पाण्डेय, ब्लाक अध्यक्ष अनिल पटेल प्रधान, गजेन्द्र तिवारी, विजय बहादुर पटेल, शिव यादव, शीतला पाण्डेय, शिलवंत यादव प्रधान, हिमांशु कोलहा, नन्द लाल भारतीय, अनुग्रह चौरसिया, तुलसी राम यादव, अभिताभ पाण्डेय, मोहम्मद इमरान आदि रहे।

## एआईकेएमएस ने शहीद किसानों को श्रद्धांजली देकर कृषि कानून के खिलाफ निकाली रैली

**घूरपुर।** अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के आवाह्न पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के बैनर तले किसानो मजदूरों ने घूरपुर के ग्राम सभा कंजासा में सभा कर दिल्ली बार्डर पर 42शहीद किसानो को श्रंद्धाजली देकर रैली निकाली। सभा के दौरान प्रदर्शनकारियों के हाथो मे शहीद किसानो की तस्वीर एवं झण्डे बैनर लिए नारे लगाए आंदोलनरत शहीद किसान अमर रहे, शहीद किसानो को लाल सलाम,किसानों का संघर्ष जिंदाबाद, खेती के तीन नए कानून रद्द करो, बिजली बिल 2020 रद्द करो, खाद - बीज,डीजल के दाम आधे करो, खेती में बड़े कारपोरेट पर रोक लगाओ, कारपोरेट पक्षधर नीतियां रद्द करो, 24जून 2019 का बोट पर लगी रोक वापिस लो, रवन्ने का सरकारी रेट 65 रु/घन मीटर लागू करो,अवैध वसूली पर रोक लगाओ, नाव का पंजीकरण कर रवन्ना माझियों को दो, नाव द्वारा बालू खनन चालू करो, मनरेगा मे मजदूरी500रु०लागू करो, मनरेगा में सभी मजदूरों को काम दो, आंदोलन में किसानो मजदूरों पर दर्ज सभी केस वापिस लो, गरीबों को खेती- आवास के पट्टे दो, सभी गरीबों को आवास दो आदि।




रैली निकालते किसान

वक्ताओं ने कहा खेती के तीन नए कानून के अमल से सरकार द्वारा संचालित मंडिया मर जाएगी बड़े कारपोरेट द्वारा संचालित मंडिया में सरकार किसानो के अनाज सस्ते रेट बेचने को मजबूर कर देगी। खनन में सरकार ने पहले गिट्टी मजदूरों के हाथो से काम छीनकर बड़ी कम्पनियों को सौंप कर मजदूरों के बेरोजगार किया है। अब 24जून 2019का आदेश जारी कर यमुना नदी में बोट से खनन पर रोक लगाकर लाखो लाख मजदूर बेरोजगार कर दिया,बालू खनन मजदूर जब अपने रोजी - रोटी की गुहार लगाई तो पुलिस मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा। इस दमन के बावजूद किसान मजदूर अपनी एकता बनाकर खेती के तीन नए कानून व अपनी जीविका के लिए संघर्ष जारी रखे हैं। इस मौके पर राजकुमार पथिक, विनोद निषाद, फूलचंद निषाद, बोदा, रामू निषाद, करन निषाद, रामकुमार, सुखराज निषाद, भुअर निषाद, बसंत लाल, राम बालक, सरदार, संजय निषाद, राम मूरत, प्रमोद, मुकेश, श्रीचंद, रेशमी देवी, गंगा देवी आशा देवी, गायत्री देवी, फूलकली देवी, रेखा, कविता आदि लोग उपस्थित रहे ।

## खरीदान उत्सव कार्यक्रम में किया गया मास्क वितरण

**नवाबगंज।** अशोक सम्राट सेना पबनाह प्रयागराज एवं निंस्वार्थ प्रर्यावरण मित्र सेवा संस्थान मधेशा के द्वारा खीरदान उत्सव कार्यक्रम में मास्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भिखु शक्य पन्नति मुनि थाइलैंड, सुनील कुमार इंजीनियर मौजूद रहे। इस मौके पर इंजीनियर अशीष कुमार, अध्यक्ष रामसजीवन कुशवाहा, उपाध्यक्ष फूल चन्द्र मौर्य, महामंत्री सुजीत कुमार मौर्य, मंत्री राजेश मौर्य, अध्यक्ष नंदन सिंह, महामंत्री कर्मवीर वीर, कोषाध्यक्ष विकास मिश्रा, उदय राज सिंह, जयसिंह, अक्षय प्रदीप कुमार, अखिलेश, रामनारायण, आदित्य पटेल एवं निंस्वार्थ प्रर्यावरण मित्र की टीम उपस्थित रहीं।

## बेकाबू ट्रक ने साइकिल सवार मजदूर को रौंदा, मौत, परिजनों में कोहराम

**घूरपुर।** घूरपुर क्षेत्र के छितूपुर गाव के मार्ग पर बेकाबू ट्रक ने एक सायकिल सवार मजदूर को रौद दिया। जिससे मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। मौके से भागने का प्रयास कर रहे ट्रक चालक को आसपास के लोगो ने पकड़ पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा।



मौत के बाद गमजदा परिजन

क्षेत्र के हथीगनी गाव के कमासिन डेरा गाव निवासी मिरचाई भारतीय (40) पुत्र ननकऊ मजदूर है। 6 भाईयो में पांचवे नंबर का था। और अविवाहित था।शुक्रवार की सायंकाल वह नैनी से मजदूरी कर सायकिल से घर लौट रहा था कि जैसे ही वह छितूपुर गाव के सामने करमा मार्ग पर पहुंचा कि बेकाबू ईंट लदी ट्रक ने रौद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से भागने का प्रयास किया। लेकिन आसपास के लोगो ने मौके से ट्रक सहित चालक, खलासी को पकड़ पुलिस को सौंप दिया। मौत की सूचना पर परिजनो में कोहराम मच गया। रोते बिलखते बड़ा भाई राधे भारतीय सहित परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

## स्व0 अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिन पर बृहद किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

**सहसों।** भारत रत्न से सुशोभित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिवस पर बृहद किसान गोष्ठी व सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के किसान गोष्ठी में ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद का भी आयोजन रहा। किसान गोष्ठी कार्यक्रम 25 दिसंबर शुक्रवार को सुबह सहसों ब्लाक के पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटरमीडिएट कॉलेज भोपतपुर सहसों के प्रांगण में किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा गंगा पार के जिला उप अध्यक्ष अनिरूद्ध सिंह पटेल ने किया। इस किसान गोष्ठी के मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ त्रिपाठी जी थे द्य इस किसान गोष्ठी में क्षेत्र के सम्मानित किसानए आम जनता एवं भाजपा के कार्यकताओं ने बढ़ चढ़ का हिस्सा लिया एवं सब लोगों ने मोदी के विचारों को मन लगाकर सुना। किसान गोष्ठी में सहसों ब्लाक के प्रभारी सहायक विकास अधिकारी, पंचायतद्ध अखिलेश कुमार यादवए प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी निखिल मोहन एवं खण्ड विकास अधिकारी सहसों सुभाष चन्द्र त्रिपाठी मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारी दिखाई द्य किसान गोष्ठी का सञ्चालन भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंदर बहादुर सिंह ने किया द्य इस अवसर पर प्रमुख रूप से मौजूद मंडल अध्यक्ष सहसों अनिल सरोज, महामंत्री पवन कुमार शुक्ल, राजधर दुबे, चंद्रेश केसरवानी, विष्णु केसरवानी एलाल चन्द्र गुप्ता, फुलचन्द्र साहू, जय प्रकाश दुबे, ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी, संजय आदि रहे।

## सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया अटल का जन्मदिन




भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व०अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण व उपस्थित लोग

**जसरा।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व०अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस को आज सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से किसानों को संबोधित भी किया।

वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि आज देश के 9 करोड़ किसान परिवार को सीधे उनके खाते में किसान सम्मान निधि का हस्तांतरण कर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि यह सरकार किसानों के उत्थान के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। कुछ कृषकों को पीएम किस्त के लाभार्थी होने का प्रमाण पत विधायक बारा डा०अजय कुमार ने दिया। इसी तरह स्व०अटल जी का जन्मदिन जिला सहकारी बैंक शाखा जसरा में भी मनाया गया। इस मौके पर कृषि विभाग और स्वयं सहायता समूह द्वारा कृषि मेले का भी आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बारा विधायक डॉ०अजय कुमार के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक चौधरी तथा संचालन कमलेश त्रिपाठी ने किया।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी मनोज कुमार राव, प्रभारी बीडीओ रामपाल, एडीसीओ अश्वनी सिंह, एडीओ सी राकेश सिंह, विश्वम्भर सिंह, भानु प्रताप सिंह, कमाल अहमद, जमालुद्दीन अंसारी, चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, हरीराम आदि रहे।



बैठक में उपस्थित लेखपाल व ग्रामीण

## लेखपालों ने किया शासन के आदेश का पालन वरासत रोस्टर के लिए चलाया अभियान

**जसरा।** ग्रामसभा चामू में शासन के आदेश का पालन करते हुए हल्का लेखपाल विश्व प्रकाश द्वारा वरासत रोस्टर की दी गई जिम्मेदारी के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक ग्रामसभा चामू बड़ी कोट प्राथमिक विद्यालय में की गई। जिसमें हल्का लेखपाल विश्व प्रकाश ने किसानों एवं ग्रामीणों व मृतक परिवार के सामने खतौनी पढ़कर सुनाया और किसानों को बताया कि जिनके घर परिवार के लोगों की मृत्यु हो जाने पर नाम वरासत में नहीं चढ़ा है वे लोग अपना अपना नाम वरासत में दर्ज करा लीजिए। बैठक में उपस्थित हल्का लेखपाल विश्वप्रकाश, रिदमन सिंह, देवेन्द्र सिंह, अर्जुन तिवारी, राम पूजन सिंह, अस्तुति नारायण सिंह, राजू मिश्रा, अंबुज तिवारी, प्रमोद पटेल, घुटन केसरवानी, राजेश जयसवाल, कमलाकर सिंह, बृजभान चौहान, गुलाब तिवारी, हरीकृष्ण बिन्द, ग्राम सभा के सदस्यों के साथ आदि लोग उपस्थित रहे ।

# प्रयागराज हलचल

प्रयागराज शनिवार, 26 दिसम्बर, 2020


## संक्षेप समाचार


### किसान घेरा कार्यक्रम के जरिए किसानों ने दिखाई अपनी ताकत

**प्रयागराज।** केंद्र सरकार के नए कृषि कानून से कृषि क्षेत्र में उपजे संकट और अन्नदाता किसानों की बदहाली के लिए दोषी भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलनरत किसानों के समर्थन में शुक्रवार को सपाईयों ने अलाव के पास बैठकर किसानों के साथ संघर्ष में शामिल रहने का वादा किया। किसान घेरा कार्यक्रम के जरिए आसपास के सैकड़ों की संख्या मे किसान उपस्थित होकर अपनी ताकत का एहसास कराया ' वही किसानों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने का साथ समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने वादा किया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरे प्रदेश में गांव गांव चलाए गए इस अभियान को किसान घेरा कार्यक्रम का नाम दिया गया है।

मेजा क्षेत्र में सपा के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह ने अपने गाँव भड़ेवरा में अलाव के पास इकट्ठे सैकड़ों किसानों की चौपाल मे चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लाए गए नए कृषि कानून से किसानों के साथ-साथ देश की जनता के ऊपर पड़ने वाले असर से किसान तकलीफ मे हैं। उन्होने कहा कि यह कानून कृषि क्षेत्र को बर्बाद कर देने वाला, किसानों को गुलाम बनाए रखने वाला और आम जनता के लिए महंगाई बढ़ाने वाला है। नरेन्द्र सिंह ने कहा कि जनता का विश्वास केवल चुनी हुई सरकार पर होती है, और यदि सरकार ही जनहित के समस्त संसाधन और संस्थान निजी हाथों मे सौंप दे तो भरोसा कहाँ रह जायेगा। आज सरकार और किसान के बीच भरोसे का संकट आ गया है। पूर्ववर्ती सपा सरकार की उपलब्धियों एवं जनहितकारी नीतियों की चर्चा करते हुए, उपस्थित किसान भाइयों को सपा सरकार के उपलब्धियों का पत्रक वितरण कर एक बार फिर से अखिलेश यादव की सरकार बनाने का आवाहन नरेन्द्र सिंह ने किया। चौपाल की अध्यक्षता किसान अरूण कुमार सिंह तथा संचालन शिवानन्द शुक्ल ने किया। इस अवसर पर प्रेमचंद यादव, भोला पाल, रामजी यादव, विनोद कुमार सिंह एडवोकेट, हिमान्शु कुमार सिंह, संदीप सिंह, अतुल सिंह, अरूण कुमार शर्मा, लालबाबू शर्मा बीडीसी, कल्लू शर्मा, लल्लू शर्मा, फूल चन्द्र कुश्वाहा, लाल चन्द्र शर्मा, रागेश्वर प्रसाद, बाबूनन्दन यादव, अशर्फी लाल, दशरथ कुश्वाहा, शिव बहादुर कुश्वाहा, हरिशंकर पाल, रमाकांत यादव, गगन सिंह, दिनेश यादव, शिवम सिंह, राम प्रसाद, सतीश विश्वकर्मा, संदीप विश्वकर्मा, असगर अली, पन्नालाल विश्वकर्मा आदि रहे।

# तीन दिन में शरीर का पुनर्निर्माण ही, किसमस डे का प्रतीक : स्वामी श्री योगी सत्यम्

**झूंसी, प्रयागराज।** क्रियायोग अनुसंधान संस्थान में शुक्रवार को क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम् ने देश विदेश से आये साधकों को क्रिसमस पर्व का वास्तविक स्वरूप क्रियायोग विधि से बताया। क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम ने बताया कि" क्रिसमस" पर्व को क्रिसमस डे कहते हैं। "क्रिस", "मस" व "डे" से मिलकर " क्रिसमस डे " बना है। क्रिस - क्राइस्ट कॉन्ससनेस, मस- विशाल समूह (मैसिव क्राउड) तथा डे - ज्ञान /प्रकाश (दिन) को संबोधित करता है। क्रिसमस डे की अनुभूति ही महाभारत की स्थिति है। क्रियायोग ध्यान करने पर इस ज्ञान का सहजता व सरलता से अनुभूति हो जाता है। 'क्रिसमस डे' में 'डे' को प्रकाश या ज्ञान कहा गया है, और यह क्रिसमस अवस्था को व्यक्त करता है। ऐसा जनसमूह जो क्राइस्ट कॉन्ससनेस (ईश्वर की सर्वव्यापकता) का अनुभव करता है, उस जनसमूह को प्रकाश कहते हैं। इस प्रकाश की सभी को आवश्यकता है। इस प्रकाश में रहने पर मनुष्य राष्ट्र का सर्वांगीण विकास करने में सक्षम होता है। स्वामी जी ने साधकों को यह भी बताया कि प्रभु ईसा ने इजराइल में कहा था कि श्तुम इस मंदिर को गिरा दो मैं 3 दिन में पुनः इसे बना दूंगा। 'लोगों ने प्रभु ईसा की बात को बिना पूरी तरह सुने भ्रमवश यह समझ लिया कि वह ईट, पत्थर आदि से बने हुए बाहर के मंदिर को गिराने की बात कर रहे हैं तथा वह झूठा दावा रखते हैं कि इस मंदिर को गिराने पर वह मात्र 3 दिन में इसे पुनः बना देंगे' प्रभु ईसा बाहर के मंदिर की बात नहीं बल्कि शरीर मंदिर की बात कर रहे थे। 3 दिन का अर्थ तीन प्रकार के ज्ञान से है। दिन प्रकाश का प्रतीक है। दिन में प्रकाश होता है, तथा रात्रि में अंधकार होता है। प्रकाश ज्ञान का एवं अंधकार अज्ञान का प्रतीक है। 3 दिन का अर्थ तीन प्रकार का ज्ञान है - भौतिक जगत तथा भौतिक शरीर का ज्ञान, सूक्ष्म जगत तथा सूक्ष्म शरीर का ज्ञान, कारण जगत तथा कारण शरीर का ज्ञान। भौतिक, सूक्ष्म तथा कारण जगत का ज्ञान प्राप्त होने पर मनुष्य भौतिक शरीर का पुनर्निर्माण कर सकता है। इसके साथ ही वह इच्छा अनुसार शरीर को किसी भी रूप-रंग, आकार-प्रकार में बदल सकता है। भौतिक सूक्ष्म तथा कारण जगत का ज्ञान प्राप्त होने पर मनुष्य के अंदर संपूर्ण सिद्धियां प्रकट हो जाती है। समाज में भ्रमवश अगरबत्ती से निकली हुई राखी को विभूति समझा जाता है। विभूति का वास्तविक अर्थ अष्ट सिद्धियां है। जिन्हें अणिमा, महिमा, गरिमा आदि के रूपों में वर्णित किया गया है। संपूर्ण सिद्धियों व शक्तियों की प्राप्ति के लिए क्रियायोग का अभ्यास आवश्यक है।





क्रियायोग आश्रम में क्रिसमस के बारे में क्रियायोग विधि से साधकों को समझाते क्रियायोग गुरू स्वामी श्री योगी सत्यम्

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रभु यीशु का जन्मोत्सव

**प्रयागराज।** शुक्रवार को मसीही समुदाय के आराध्य प्रभु ईसा मसीह के जन्मोत्सव पर चहुंओर खुशी का वातावरण रहा। शुक्रवार को सूर्योदय होते ही मसीही समुदाय के लोग चर्च में पहुंचने लगे। सेंट जोसफ चर्च में कैथलिक मसीहियों ने प्रार्थना की। बिशप डॉ. राफी मंजली ने बाइबिल का पाठ करके श्रद्धालुओं को प्रभु यीशु का मानवता, प्रेम व सेवा का संदेश दिया। वहीं, पत्थर गिरजाघर में बिशप डॉ. पीटर बलदेव बाइबिल का पाठ करके प्रार्थना कराई। चर्च में केक काटकर यीशु के जन्म की खुशी मनाई गई। हर कोई एक-दूसरे को यीशु के जन्म की बधाई देते रहे। कोरोना संक्रमण के कारण तमाम बंदिशों के साथ चर्चों में यीशु का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। हालांकि हर बार की अपेक्षा चर्चों में मसीहियों की भीड़ अपेक्षा से काफी कम है। फिर भी घरों में खुशियां मनाई गयी। मसीही समुदाय के लोग कैरल सिंगिंग करके घर में यीशु के जन्म की खुशी मना रहे हैं। इसका सिलसिला दिन भर चलता रहा।



चर्च में बाइबिल का पाठ करते मसीही समुदाय के लोग



यीशु के जन्मदिवस पर सजाई गयी आकर्षक झांकी का दृश्य

### उर्दू साहित्य के प्रसिद्ध शायर व लेखक शम्सुर्रहमान फारुकी का निधन

**प्रयागराज।** उर्दू साहित्य के प्रख्यात शायर और लेखक शम्सुर्रहमान फारुकी का निधन हो गया है। उनका नाम प्रसिद्ध आलोचकों की श्रेणी में भी आता था। 85 की उम्र में उनका निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से प्रयागराज के रचनाकारों व उर्दू साहित्य प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई है। शम्सुर्रहमान फारुकी का जन्म 15 जनवरी 1935 में हुआ था। उदार परिवेश में पले शम्सुर्रहमान ने पढ़ाई के बाद कई जगह नौकरी की। इसके बाद वह इलाहाबाद में शबखूं पत्रिका के संपादक हो गए। उन्होंने उर्दू साहित्य को अभूतपूर्व योगदान दिया है।

# यीशु दरबार चर्च में मनाया गया मानव मुक्ति दिवस

**नैनी, प्रयागराज।** यीशु दरबार चर्च नैनी में 'बड़ा दिन' मानव मुक्ति दिवस के रूप में मनाया गया। कोरोना महामारी के करण कार्यक्रम का आयोजन सादगीपूर्ण तरीके से कोविड-19 गाईडलाईन का पालन करते हुए किया गया। इस अवसर पर परमेश्वर की प्रार्थना, आराधना तथा मसीही गीत की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर यीशु दरबार चर्च की उपाध्यक्षा डा. सुधा लाल ने सभी को क्रिसमस की बधाई दी।

यीशु दरबार चर्च के बिशप मोस्ट रेव्ह प्रो. राजेन्द्र बी. लाल ने मानव मुक्ति दिवस की शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम किया कि उसने अपना एकलौता पुत्र पृथ्वी पर दे दिया। हमें परमेश्वर के उस असीमित प्रेम को पहचान कर एक-दूसरे से प्रेम करना चाहिए, सदैव दूसरों की सहायता के लिए तैयार रहना चाहिये। बिशप डा. आर.बी. लाल ने कहा कि प्रभु यीशु के मनुष्य रूप में जन्म लेने पर हम आनिन्दत होकर प्रार्थना सभा में सम्मिलित होते हैं जिसे क्रिसमस के रूप में पूरी दुनिया मनाती है। उन्होंने कहा कि क्रिसमस एक नई सृष्टि का जन्मदिवस है। इस नई सृष्टि में पाप, घृणा, झूठ आदि बुराईयां नहीं है सिर्फ पवित्रता है। बिशप लाल ने कहा कि यीशु मसीह किसी जाति धर्म के लिए पृथ्वी पर नहीं आये अपितु संपूर्ण जगत के उद्धार के लिए आये, वो पूरी दुनिया का मुक्तिदाता है। उन्होंने बाइबल वचन साझा करते हुए कहा कि मार्ग, सत्य और जीवन प्रभु यीशु मसीह हैं। हमें प्रभु यीशु मसीह के बताये मार्ग पर चलना चाहिये उनके द्वार दी गई प्रेम की शिक्षा को अपने हृदय में ग्रहण करना चाहिये जिससे सारा समाज पापरहित हो जायेगा। कोविड-19 खतरे को देखते हुए बिशप लाल ने सभी से दूरी बनाये रखने, मास्क पहनने, स्वयं व दूसरों को इस खतरे से सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह के आशीष से हम सब जल्द ही इस खतरे से बाहर होंगे क्योंकि परमेश्वर अपने लोगों को सदैव बचाता है।

इससे पहले प्रति कुलपति (पीएमडी) प्रो0 रेव्ह. सर्वजीत हरबर्ट ने यीशु राजा आवत हैं भजन की प्रस्तुति दी। मर्सी मसीह ने मसीही गीत ह्यखुदा के प्यार की निशानी जमीन पर उतर आईह्न की प्रस्तुति दी। साथ ही ऐसा प्यारा मसीहा हमारा, मसीहा मेरा दुनिया में आया आदि गीतों की प्रस्तुति कार्यक्रम में हुई।

कोविड-19 के कारण कार्यक्रम का प्रसारण सोशल मीडया यू-ट्यूब के माध्यम से किया गया जिसमें आनलाईन लोगों ने सहभागिता की। इस अवसर पर प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो0 एस.बी. लाल, प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो0 ए0के0 ए0 लॉरेन्स, कुलसचिव प्रो0 रॉबिन एल.प्रसाद, निदेशक प्रशासन विनोद बी. लाल, निदेशक आईपीसी प्रो0 जोनाथन ए. लाल, रेव्ह. डेविड फिलिप आदि लोग उपस्थित रहे।



बच्चों को आर्शीवाद देते यीशु दरबार चर्च के बिशप मोस्ट रेव्ह प्रो. राजेन्द्र बी. लाल

# पूर्वांचल स्वदेशी मेला पर प्रशासन ने लगाई रोक

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के पीएसी कॉलोनी के समीप सार्वजनिक रामलीला मैदान में बीते कुछ दिन पूर्व 15 दिसम्बर से पूर्वांचल स्वदेशी मेला (हस्तशिल्प प्रदर्शनी) का आयोजन सुबह साढ़े दस से लेकर रात नौ बजे तक किया जा रहा था। मेले में क्षेत्र के लोग खरीदारी करने के लिए पहुंच रहे थे। बताया जाता है कि मिला संचालकों द्वारा कोविड-19 का पालन नहीं किया जा रहा था। जिसकी वजह से मेले में भारी भी जमा हो रही थी। शुक्रवार को मामला करछना एसडीएम विनोद पांडेय के संज्ञान में आया तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और आयोजित मेले पर प्रतिबंध लगाने के लिए निर्देश दिए। जिस पर नैनी इंस्पेक्टर जीतेंद्र कुमार सिंह व एसआई सुशील दुबे दल बल के साथ पहुंचे और निदेशों का पालन करते हुए आयोजित मेले को बंद कराया। इस संबंध में करछना एसडीएम विनोद पांडेय ने बताया कि कोविड-19 गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा था और मेले में बढ़ रही भीड़ को देखते हुए बंद कराया गया है।



अपनी दुकान समेटते दुकानदार



पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए

### पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्म तिथि पर पुष्प अर्पित

**प्रयागराज।** झूंसी स्थित छवि कुन्ज आवास विकास कालोनी बसंत विहार मे शुक्रवार को देश के पूर्व स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के अवतरण दिवस पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, समाजसेवी संजय मिश्र बनकटा सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संजय मिश्र बनकटा ने कहा कि देश के गौरव,पूर्व प्रधानमंत्री,सम्पूर्ण देश की दशा और दिशा बदलने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले, भारतीय राजनीति के अजातशत्रु,दृढ निश्चय और सकारात्मक सोच के पर्याय रहे आदर्शवादी और प्रशंसनीय राजनेता, भारतीय राजनीति के युगपुरुष एवं सर्वप्रिय जननायक, महान कवि एवं साहित्यकार, विराट व्यक्तित्व के धनी,हमारे प्रेरणास्रोत, भारतरत्न, श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती पर पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि देता हूं।


**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025


# नया कृषि कानून, किसानों की बर्बादी का दस्तावेज : योगेश

### किसानों के समर्थन में सपा ने किसान घेरा कार्यक्रम कर गांव गांव में की चर्चा

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को जनपद के सभी गांवों में किसान घेरा कार्यक्रम कर भाजपा सरकार द्वारा लाए गए नए कृषि कानून से कृषि क्षेत्र में होने वाले व्यापक नुकसान, न्यूनतम समर्थन मूल्य, सरकारी कृषि मंडियों के समानांतर निजी क्षेत्र की स्थापना, कापोर्रेट के इशारे पर खेती से भविष्य में आने वाले संकट से किसानों को अवगत कराया और समाजवादीपार्टी की नीतियों, पिछ्ली सरकारों में किसानों के लिए चलाई गई लाभ कारी योजनाओं की जानकारी दी ' भाजपा शासन में किसानों, नौजवानों, महिलाओं, के साथ बढ़े अत्याचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, गिरती अर्थव्यवस्था से उपजे हालत पर चर्चा करते हुए भाजपा पर देश की जनता के साथ धोखा देने का आरोप लगाया । सपा नेतृत्व के निर्देश पर शुक्रवार को पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने अपने अपने क्षेत्रों में गांव एवं स्थान चिन्हित कर ठण्ड के मौसम में जलतेअलाव के पास स्थानीय किसानों के साथ गोल घेरा बना कर बैठे और चचाओं के बीच जानकारी दी।

सपा जिला अध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव ने हंडिया विधानसभा क्षेत्र के अपने पैतृक गांव बाला में किसान घेरा कार्यक्रम आयोजित किया ' इस मौके पर कहा कि भाजपा शासन में लाए गए नए कृषि कानून से कृषि क्षेत्र में व्यापक नुकसान और किसानों के लिए बबार्दी का रास्ता खुलने वाला है। कृषि कानून को किसानों की बबार्दी का दस्तावेज बताया और आरोप लगाया कि भाजपा ने किसानों के साथ धोखा किया है। कृषि उपज का दूना दाम का वादा कर सत्ता में आई भाजपा ने कृषि क्षेत्र में कापोर्रेट घरानों के प्रवेश द्वार खोल छोटे, मझोले किसानों को गुलामी की ओर धकेल दिया है।

सपा नेताओं द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर कहा कि पहले से ही लागू न्यूनतम समर्थन मूल्य, मंडी नीति, किसानों के कल्याण की तमाम योजनाओं को सही रूप में अमली जामा पहनाने की बजाय नए कानून बना कर पूंजीपतियों को तरजीह दी गई है। नए कृषि कानून से भविष्य में कृषि क्षेत्र में आने वाले संकट और किसानों सहित आम आदमी पर पड़ने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी।

सपा के जिला प्रवक्ता दान बहादुर मधुर के अनुसार जनपद की हंडिया विधानसभा क्षेत्र में सपा जिला अध्यक्ष योगेशयादव, पूर्व विधायक प्रशांत सिंह,कमल सिंह यादव, निधी यादव, राम मिलन यादव, रमाकांत विश्वकर्मा, विजय यादव, मुलायम सिंह यादव, विधान सभा मेजा में जिला महासचिव संदीप सिंह पटेल, वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक रामसेवक पटेल, विधान सभा बारा में इंद्र नाथ मिश्रा, भागी रथ बिंद, विधान सभा करछना में विधायक उज्जवल रमण सिंह, विजय बहादुर पटेल, कोराव में ओम प्रकाश कुशवाहा, प्रताप पुर में श्रीमती विज्मा यादव, पंधारी यादव, कृष्ण मूर्ति सिंह, श्यामलाल पाल, सोराव विधानसभा क्षेत्र में सत्य वीर मुन्ना, गीता पासी, अनिल यादव, श्याम सिंह बच्चा, विधानसभा फाफामऊ में पूर्व मंत्री अंसार अहमद, दूध नाथ पटेल, संदीप यादव, जीत लाल पासी, नाटे चौधरी, फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, राम सुमेर पाल , शकील अहमद, राजन प्रधान, बेला सिंह, सुरेश यादव,शहर उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के बेली गांव में दिनेश यादव, संतलाल वर्मा, सलोरी में आर. एन. यादव, शहर पश्चिमी विधान क्षेत्र में रमाकांत पटेल, युवराज सिंह, डी के यादव, शहर दक्षिणी विधान सभा क्षेत्र आदि ने विभिन्न स्थानो पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत किया।



घेराव कार्यक्रम में किसानों के साथ सपा कार्यकर्ता

## संक्षेप समाचार

### वांछित युवक गिरफ्तार

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** कोखराज थाना के अंतर्गत ग्राम सभा ककोड़ा निवासी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, गजानन त्रिपाठी पुत्र धनंजय त्रिपाठी, ने गांव में एक वर्ष पहले मारपीट किया था जिसकी शिकायत कोखराज थाने में दर्ज थी! अभियुक्त फरार चल रहे थे! जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी! सूचना के अनुसार कोखराज पुलिस ने दबिश देकर दोनों अभियुक्तों को ककोड़ा गांव से गिरफ्तार कर लिया है! उप निरीक्षक बलराम सिंह व कांस्टेबल कृष्ण कुमार, कांस्टेबल चेतन बाबू, ने दोनों युवक को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी कर न्यायालय भेज दिया।

### भाकियू ने किया प्रदर्शन

**कौशांबी।** किसान बिल के विरोध में जनपद मुख्यालय मंझनपुर चौराहे पर भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर सरकार से किसान बिल वापस लेने की मांग की है किसान आंदोलन का नेतृत्व नरेंद्र कुमार पांडेय ने किया है और आंदोलन के दौरान उन्होंने अधिकारियों को ज्ञापन देकर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की है इस मौके पर दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन किसानों ने सुना

**सरसवां ब्लाक में सुशासन दिवस व किसान सम्मेलन के रूप में मनायी गयी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती**






किसान गोष्ठी में उपस्थित प्रभारी मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय व अन्य तथा मंझनपुर में कार्यक्रम के दौरान बैठे लोग

**कौशाम्बी।** सरसवां ब्लाक परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी बाजपेई की जयंती के रूप में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस बीच किसानों का उत्साह देखने को मिला। हजारों की संख्या में किसान व भाजपा कार्यकर्ता कौशांबी प्रभारी मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय को सुनने के लिए किसानों की भीड़ उमड़ी इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन किसानों ने सुना।किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को व कौशांबी प्रभारी मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय को व उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद किया और हमेशा सरकार के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अजय पांडेय, जिला मंत्री दिनेश पांडेय, संगीता सरोज, मंडल अध्यक्ष सरसवां बृजेश मिश्रा, पश्चिम शरीरा मंडल अध्यक्ष भास्कर सिंह, मंडल महामंत्री प्रमोद भार्गव , किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नारायण शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अश्वनी द्विवेदी, अशोक मिश्रा, दीप नारायण त्रिपाठी, शंकर दयाल सिंह, तिलक नारायण द्विवेदी, आशीष तिवारी,आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग के प्रमुख रोहित पांडेय, राजीव तिवारी , महिला मोर्चा जिला मंत्री सतरूपा पाठक, सुनील विश्वकर्मा,आदि हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व किसान इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## जिले के अन्य ब्लॉकों में भी आयोजित हुआ किसान सम्मान समारोह

**कौशांबी।** जिले के आठ विकासखंड में किसान सम्मान समारोह कार्यक्रम प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया जनपद मुख्यालय मंझनपुर स्थित विकासखंड परिसर में जिलाधिकारी और मंझनपुर विधायक लालबहादुर की उपस्थिति में किसान सम्मान और गोष्ठी का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या में किसान उपस्थित हुए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन सुना जनपद मुख्यालय के इस कार्यक्रम में समाज कल्याण अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी इलाके के गणमान्य व्यक्ति और किसान कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# झांसा देकर ठगे पांच लाख

**एक साल में दोगुना कर के पैसे देने की बात कही थी लेकिन तीन साल बीत रहा नही दे रहे पैसे**

**बेरूवा कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के जीत का पूरा मजरा बिरौली गांव के एक युवक ने दोगुना करने के चक्कर में पांच लाख रुपये गवा दिया और जब एक साल पूरा होने पर पीड़ित ने पैसे की मांग किया तो रुपये वापस देने के बजाए दंबगई दिखाने लगे और जान से मारने की धमकियां मिल दी जा रही हैं दिनांक 19/12/2020/को पीड़ित ने थाने में जालसाजों के खिलाफ तहरीर दिया है लेकिन तहरीर दिए एक हप्ता बीता रहा हैं लेकिन अभी एक पीड़ित को न्याय नहीं मिला है। जीत का पूरा मजरा बिरौली गांव निवासी बिरजू लाल पुत्र सम्पत लाल ने बताया कि गांव के ही टमाटर लाल पुत्र छेदी लाल होरी लाल पुत्र स्वगीय सरजू प्रसाद ने उसे एक साल में रकम को दोगुना करने की बात कही उनके झांसे में आकर बिरजू ने ढाई साल पहले पांच लाख रुपये दे दिया उन्होंने एक निजी कंपनी के लेटर पैड पर एक एक लाख रुपये का बाड एक साल में दोगुना करने की बात कह कर रुपये ले लिया था और यह तक भी कहा था कि अगर कंपनी भाग जाएगी तो फिर इसका जिम्मेदार मैं हूं मैं तुम्हारा पैसे पांच लाख रुपये दूँगा लेकिन एक साल बीतने के बाद बिरजू ने दोनों जालसाजों से अपने रुपये की मांग करने लगा तो दोनों जालसाजों ने कई महीने टाल मटोल करते रहे हैं इसके बाद दबाव बनाने पर जालसाजों ने पीड़िता बिरजू को गाली गलौज देने लगे और कहा है कि अगर दोबार पैसे के नाम लिए तो जान लेना जान से हाथ धोना पड़ेगा लेकिन पीड़ित बिरजू ने 19/12/2020/शनिवार को थाने में जा कर लिखित शिकायत किया है और इस सम्बंध में इंस्पेक्टर चरवा का कहना था कि तहरीर मिली है जांच कर के आरोपित जालसाजों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी लेकिन एक हप्ता बीता चुका है अभी तक कुछ भी नहीं हुआ है जालसाजो तक अभी चरवा पुलिस नही पहुंचा सकी है अब यह देखना है कि कब जालसाजों को चरवा पुलिस गिरफ्तार करती हैं।

# दुघर्टना मे किशोरी की मौत, कोहराम



दुघर्टना स्थल पर किशोरी की मौत को लेकर जमा भीड़

**प्रतापगढ़।** बाजार से घर लौट रही स्कूटी सवार किशोरी की ट्रक की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गयी। कोतवाली के सराय जानमती निवासी राकेश कोरी की पुत्री काजल 15 स्कूटी से अपनी चचेरी बहन व रामसुंदर की पुत्री गन्नों 19 के साथ गुरूवार को बेलहा स्थित अलका प्रमोद विद्यालय मे किसी सहेली से मिलने आयी थी। घर लौटते समय करीब शाम चार बजे समय लालगंज-कालाकांकर हाइवे पर बेलहा गांव के समीप अचानक तीव्र गति से पीछे से आ रही ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दिया। इससे काजल गंभीर रूप से चुटहिल हो गयी। स्कूटी पर पीछे बैठी काजल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि स्कूटी चला रही गन्नों को मामूली चोट आयी। जख्मी गन्नों ने घर पहुंचकर हादसे की परिजनो को जानकारी दी। भयभीत गन्नों भी कुछ देर के लिए मूर्छित हो गयी। इधर दुर्घटना को देख आस-पास के लोग चीखपुकार करते मौके पर भागकर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल गन्नो को एम्बुलेंस सेवा एक सौ आठ से आननफानन मे जिला अस्पताल भेजवाया गया। इधर दुर्घटना मे काजल की मौत की जानकारी होते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। परिजन काजल के शव से लिपटकर विलाप करने लगे। मृतका काजल दिल्ली के एक पब्लिक स्कूल मे कक्षा सात की छात्रा थी। इधर वह घर आयी थी। वहीं सूचना पाकर एसएसआई रामअधार यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतका किशोरी के शव का पंचनामा कर देर शाम पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। दुघर्टना करने वाली ट्रक को पुलिस ने चालक समेत हिरासत मे ले लिया है।

## ब्लाक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित

**रानीगंज।** गुरुवार को युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विभाग दल द्वारा कस्बा स्थित स्वामी करपात्री इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता का उद्घाटन एवं पुरस्कार वितरण कालेज के प्रधानाचार्य राम कुमार पांडे द्वारा किया गया।वॉलीबाल में जहा प्रथम स्थान शिवगढ़ को मिला,तो वही कबड्डी में दादूपुर अव्वल रही।बालिका वर्ग कबड्डी में अवधान पुर विजेता रहा।तो सौ मीटर बालिका वर्ग दौड़ में अनुष्ठा गुप्ता ने प्रथम स्थान की बाजी मारी,तो वहीं सौ मीटर बालक वर्ग दौड़ में पवन सरोज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।डेढ़ सौ मीटर दौड़ में अमजद खान प्रथम स्थान रहे।गोला फेंक में नोमान को विजयी घोषित किया गया।इस अवसर पर के के सिंह,तौफीक अहमद,रमेश बहादुर सिंह,त्रिभुवन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अब रानीगंज तहसील के चार प्रमुख चौराहे होंगे सीसीटीवी कैमरे की नजर में

**रानीगंज।** तहसील मुख्यालय के चार प्रमुख चैराहे अब पूरी तरह से सीसीटीवी की नजर में होंगे। शासन के द्वारा रानीगंज तहसील के मुख्य चैराहा पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है जिससे अपराधिक मामले और जाम की समस्या से निजात मिलने की आशा है।इन कैमरों में सारी अपराधिक घटनाएं रिकॉर्ड होंगी तथा घटनाओं पर अधिकारियों की नजर रहेगी। सीसीटीवी कैमरे प्रमुख रूप से तहसील के चार चैराहों पर लगाए गए हैं जिसमें रानीगंज चैराहा ,पावर हाउस, स्टेशन रोड, और चिरकुटी चैराहा शामिल हैं।इस तरह ये चारों चैराहे चैबीस घंटो कैमरे की नजर में रहेंगे जिससे चैराहों के आसपास होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर प्रशासन की नजर रहेगी।



पोल पर सीसीटीवी कैमरा लगाता कर्मचारी।

## हरिश्चंद्र केशरवानी ने किया देहदान

**भरवारी कौशाम्बी।** भरवारी कस्बे के रहने वाले हरीश चंद्र केसरवानी ने मरने के उपरांत देहदान करने की घोषणा की थी शुक्रवार की सुबह उनकी मौत हो गई है। जिस पर परिजनों ने देह दान करने के लिए चिकित्सकों को सूचित किया है बताते चलें कि हरीश चन्द्र उम्र 75 वर्ष पुत्र स्व धर्म दास केशरवानी कोयला वाले मेहता रोड भरवारी की शुक्रवार को मौत हो गई है मृतक के बड़े पुत्र बॉबी ने बताया कि पिता जी की शव यात्रा पहले नगर भ्रमण करते हुए इनकी मृत्यु शरीर को देह दान किया जायेगा देह दानी हरिश्चंद्र के फैसले पर भरवारी नगर पालिका परिषद अपने आपको गौरवन्तित महशूस कर रहा है।

अब तक कस्बा भरवारी के चार लोग देह दान कर चुके हैं जिसमे रामशंकर केशरवानी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद बद्री प्रसाद केशरवानी व हरीश चंद्र केशरवानी कोयला वाले शामिल है।

# मारपीट करने वाले एआरटीओ के विरुद्ध दूसरे दिन भी नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**विभाग के कर्मचारी हुए लामबंद कर्मचारी से मारपीट करने वाले एआरटीओ के खिलाफ खोला मोर्चा**

**कौशांबी।** एआरटीओ कार्यालय के एक कर्मचारी को पीटने के मामले में दूसरे दिन भी एआरटीओ के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है एआरटीओ शंकर जी सिंह जब से कौशांबी में तैनात हुए हैं हमेशा यह सुर्खियों में रहे हैं विभागीय अवैध वसूली को लेकर वाहन स्वामियों से भी कई बार यह उलझ चुके हैं पारिवारिक उलझन के चलते यह हमेशा टेंशन में रहते हैं जिसका खामियाजा वाहन स्वामियों और कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है इसी उलझन के चलते एआरटीओ ने कर्मचारी को पीट दिया है जो मामला तूल पकड़ता जा रहा है विभाग के कर्मचारी लामबंद हो चुके हैं और एआरटीओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जानकारी के मुताबिक एआरटीओ कार्यालय के कर्मचारी वेद प्रकाश मिश्रा वरिष्ठ सहायक को 24 दिसंबर को दोपहर अपने कक्ष के अंदर बुलाकर एआरटीओ शंकर जी सिंह ने अपने कक्ष को बंद कर उसे थप्पड़ मारने लगे थे जब कर्मचारी ने अफसर की पिटाई का विरोध किया तो उसे गाली गलौज कर जूता पहने हुए एआरटीओ ने लात मारना शुरू कर दिया तमाम कर्मचारी मौके पर तमाशबीन बने रहे बीच बचाव करने का किसी का साहस नहीं हुआ एआरटीओ शंकर जी सिंह से मार खाने के बाद पीड़ित कर्मचारी ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ विभागीय अधिकारियों से भी की है लेकिन घटना को 24 घंटे बीत जाने के बाद दबंग एआरटीओ पर पुलिस ने मुकदमा नही दर्ज किया है एआरटीओ के कारनामों को यदि शासन ने संज्ञान लिया तो अनुशासनहीनता के आरोप में उनपर कठोर कार्रवाई हो सकती हफोटो है।

# नगर पंचायत के रूप में जो सौगात मिली वह चरवा के विकास में मील का पत्थर साबित होगी : विधायक

**चरवा नगर पंचायत बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर पुष्पवर्षा कर चायल विधायक संजय गुप्ता का लोगो ने किया स्वागत**



चरवा चोराहे पर विधायक का स्वागत करते क्षेत्रीय लोग

**चरवा कौशाम्बी।** चायल तहसील के चरवा चौराहे पर पुष्प वर्षा कर चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता का जोर दार स्वागत किया इस मौके पर चरवा के संभ्रांत नागरिकों वा व्यापारियों ने जोरदार स्वागत करते हुए चायल विधायक संजय गुप्ता को चरवा को नगर पंचायत बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं नगर वासियो के इस जोरदार स्वागत से गदगद विधायक संजय गुप्ता ने नगर वासियो को इस प्यार के लिए धन्यवाद दिया और उन्होंने कहा कि चरवा वासियो को नगर पंचायत के रूप में जो सौगात मिली है वो चरवा के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। चायल विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि चरवा सही मायने में अब विकास की मुख्य धारा में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश सरकार से एक बड़ा पैकेज लाकर चरवा के विकास में कोई कमी नहीं रहने दूंगा। चरवा के लोगो ने मुझे अपने क्षेत्र से वोट के रूप में जो आशीर्वाद दिया है उसका पाई पाई मै चुकता करने की कोशिश करूंगा। बहुत से लोग नगर पंचायत बनने के बाद टैक्स को लेकर भ्रम फैला रहे है वो पूरा सच नहीं है। इस मौके पर भाजपा की जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, मिक्की पांडेय, अनूप केसरवानी, मनीष केसरवानी, बिक्की तिवारी, कल्लू यादव तारा चंद यादव, बुलबुल यादव, राज मनी त्रिपाठी, कामता केसरवानी, बच्चा उपाध्याय, कैलाश केसरवानी, हंसराज पांडेय, गोपाल पांडेय, दयाशंकर केसरवानी, गुलजारी लाल केसरवानी, रतन सोनी आदि तमाम लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।



होण्डा एक्टिवा के बीसवें वर्षगांठ के अवसर पर शामिल लोग

## होण्डा एक्टिवा के बीसवें वर्षगाँठ में श्री रमेश होण्डा मंझनपुर में आकर्षक गोल्ड एक्टिवा लॉन्च

**होण्डा की मोटरसाइकिल एवं स्कूटर इसकी खूबियों के कारण जनपद में एक्टिवा लोगों की बनी पहली पसन्द**

**कौशाम्बी।** श्री रमेश होण्डा मंझनपुर में शुक्रवार को होण्डा एक्टिवा की बीसवीं वर्षगाँठ मनाई गई इस मौके पर कम्पनी की ओर एक्टिवा गोल्ड स्पेशल एडिशन ए आर टी ओ शंकर जी सिंह द्वारा केक काटकर गाड़ी का अनावरण किया शोरूम में इस मौके पर शोरूम मैनेजर विकास अग्रहरि ने 12 इंच के व्हील और साइलेंट स्टार्ट इंजन के साथ बेहतरीन माइलेज देने वाली एक्टिवा की खूबियों को बताया शंकर जी ने यातायात नियम को लेकर जागरूक किया और सभी को हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाने के लिए जागरूक किया शोरूम के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री रमेश अग्रहरि ने बताया होण्डा की मोटरसाइकिल एवं स्कूटर इसकी खूबियों के कारण हमारे जनपद में एक्टिवा लोगो की पहली पसन्द है ,अब जनपद कौशाम्बी के लोगो को विश्व स्तरीय सुविधाओं के लिए शहर नही जाना पड़ेगा और जनपदवासियों के अन्य खर्चों से बचकर सभी सुविधा यही प्रदान होगी । इस मौके पर शोरूम के डायरेक्टर सौरव अग्रहरि रमेश अग्रहरि पवन अग्रहरि मथुरा प्रसाद अग्रहरि कामता प्रसाद अग्रहरि सेल्स मैनेजर मेहंदी सब डीलर सरायअकिल अजय केसरवानी करारी से रिजवान मंझनपुर से प्रकाश जायसवाल सैनी से सनी अग्रहरि टेवा से शत्रुगन केसरवानी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# किसान घेरा कार्यक्रम के तहत सपाइयों ने लगाई चौपाल



किसान घेरा बनाकर सपाइयों ने लगाई चौपाल

**भरवारी कौशाम्बी।** आज 25 दिसंबर को सिराथू विधानसभा के चमरूपुर गांव में समाजवादी पार्टी ने चौपाल लगाकर किसानो को जागरूक किया राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाह्न पर चमरूपुर गांव में समाजवादी किसानघेरा कार्यक्रम के तहत किसान भाईयों के समक्ष चौपाल लगाकर समाजवादी नेताओं ने अपने विचार साझा किए। इस मौके पर समाजवादी के वक्ताओं ने कहा कि यद्यपि सरकार किसान विरोधी है और सरकार इन बिलों को वापस नहीं लेती तो हम सभी समाजवादी साथी विशाल विरोध प्रदर्शन कर अपने किसान भाईयों को न्याय दिलाने का काम करेंगे।इस मौके पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश सचिव महबूब आलम उर्फ सज्जू शिव बाबू सरोज देशराज पटेल अहमद रजा आफताब अहमद देशराज यादव रसूल अहमद नत्थू सरोज मोहम्मद अमन राम आसरे गौतम अनुराग प्रमोद यादव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस महकमे में बदले गए कई उपनिरीक्षक

**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने हेतु 07 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में पुलिस अधीक्षक ने बदलाव किया है थाना सैनी से हटाते हुए उपनिरीक्षक कामता प्रसाद को कोखराज थाना की चौकी मूरतगंज का इंचार्ज बनाया गया है कोखराज थाने में रहे उपनिरीक्षक राकेश राय को थाना कोखराज की भरवारी पुलिस चौकी के इंचार्ज की जिम्मेदारी दी गई है अभी तक उपनिरीक्षक देवब्रत पाण्डेय थाना पश्चिम शरीरा में तैनात थे वहां से हटाते हुए उनको चौकी इंचार्ज नारा की जिम्मेदारी सौंपी गई है परिवर्तन के क्रम में अरुण मौर्या उपनिरीक्षक को थाना मँझनपुर से हटाते हुए चौकी इंचार्ज बरियावा का दायित्व पुलिस कप्तान ने दिया है उपनिरीक्षक उमेश सिंह चौकी इंचार्ज नारा से थाना कोखराज भेजे गए हैं उपनिरीक्षक कल्बे अब्बास खा अभी तक थाना पिपरी में तैनात थे अब उन्हें पिपरी से हटाकर थाना पश्चिम शरीरा में भेजने के निर्देश दिए गए हैं उपनिरीक्षक सिद्धार्थ सिंह को डायल 112 से हटा कर थाना कोखराज भेज दिया गया है।

# घटिया निर्माण जारी देख बिफरे कांग्रेसी एसडीएम से कार्रवाई की मांग

**प्रतापगढ़।** सीएचसी परिसर मे निमार्णाधीन महिला बाल चिकित्सालय मे घटिया निर्माण पर रोक न लगने से गुरूवार को विधायक आराधना मिश्रा मोना के समर्थको मे आक्रोश पनप उठा। सीएचसी के अगल बगल रहने वाले व्यापारियो तथा स्थानीय लोगों ने विधायक के नगर स्थित कैम्प कार्यालय पहुंचकर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी को ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण के जारी रखने की जानकारी दी। यह जानकारी मिलने पर विधायक मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी की अगुवाई मे कैम्प कार्यालय मे मौजूद कार्यकर्ता निर्माण कार्य स्थल पहुंच गये। प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने चार मंजिला इमारत के निर्माण मे घटिया ईट तथा खराब टाइल्स व मानक के विपरीत मोरंग सीमेण्ट के मिश्रण को देख ठेकेदार से कडी नाराजगी जताई। प्रतिनिधि ने कहा कि जब डीएम के स्तर पर जांच कमेटी गठित की जा चुकी है तो तकनीकी विशेषज्ञ टीम को गुणवत्ता देखने दीजिए। कांग्रेसियो के घण्टो निमार्णाधीन स्थल पर जमा होने की जानकारी पर आसपास के लोग भी वहां पहुंच गये। वहां मौजूद लोग भी ठेकेदार को घटिया निर्माण कराये जाने पर कोसते दिखे। इस पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने एसडीएम राम नारायण से भी फोन पर वार्ता कर वस्तुस्थिति से अवगत करवाया। इस दौरान कैम्प कार्यालय प्रभारी आशीष उपाध्याय, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र, पप्पू तिवारी, छोटे लाल सरोज, प्रीतेन्द्र ओझा, रामू मिश्र, मोनू पाण्डेय, बब्लू तिवारी, नन्हें लाल, आदि रहे। इधर निर्माण मे अनियमितता को लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री जयदीप सिंह तथा अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद को पत्र लिखकर कार्रवाई का अनुरोध कर रखा है। हालांकि डीएम डा. रूपेश कुमार ने महिला बाल चिकित्सालय मे अनियमितता को लेकर एसडीएम की अध्यक्षता मे उच्चस्तरीय प्रशासनिक जांच समिति गठित कर दी है। गौरतलब है कि मंगलवार को क्षेत्रीय दौरे पर आयीं विधायक मोना ने निमार्णाधीन महिला बाल चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया था।

## नागबासू महाराज की मोर्चा प्रमुख से मुलाकात से समाज में आयेगी नई रोशनी

**कौशाम्बी।** गौरव क्रांति मोर्चा ने आज दिनांक 24-12-2020 को मंझनपुर तहसील के करारी थाना क्षेत्र के जमदुआ स्थित आवास पर समय 2 बजे नागबासू महाराज से गौरव क्रांति मोर्चा के संस्थापक राहुल प्रजापति ने मुलाकात किया दोनों की लम्बी वार्ता के बाद समाज को धार्मिक और सामाजिक,तथा नशा मुक्ति आदि विषयों पर चर्चा की गई है। समाज को नई रोशनी के साथ समाज अत्याचारों से बचाने के लिए मुहिम छेड़ेंगे तथा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों के हौसले बुलंद करने के महाराज ने किस्सा सुनाया बैठक में मुख्य रूप से विजय बहादुर लोधी,पंजाबी ,सुमन,रेशमा देवी,जितेन्द्र कुमार,आदि लोग उपस्थित रहे।